डाक जीवन बीमा से ऋण पर ब्याज

4808. **श्री हरगोविन्द वर्मा :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डाक जीवन बीमा पालिसियों से ऋण पर ब्याज की दर में इस बीच वृद्धि कर दी गई है ; और

(ख) यदि हां, तो इसकी दर में कितनी और कब से वृद्धि की गई है और इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) : (क) और (ख). ब्याज की दर 1-3-1975 से 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.5 प्रतिशत कर दी गई है ।

ऋण-योजना चलाने में जो अतिरिक्त खर्च आता है, उसे पूरा करने के लिए ऋणों पर लगाए गए ब्याज की दर निधि की धन राशियों पर अर्जित ब्याज की दर से अधिक रखनी पड़ती है । 1-8-1974 से डाक जीवन बीमा निधि को देय ब्याज की दर 7 प्रतिशत हो गई थी और इस प्रकार यह दर ऋणों पर ली जा रही ब्याज दर के बराबर हो गई थी । तीसरे वेतन आयोग की सिफारिशें क्रियान्वित करने के फलस्वरूप कर्मचारियों की परिलब्धियां बढ़ गई, जिनकी वजह से ऋण योजना का खर्चा भी बढ़ गया था । इस प्रकार ऋण-योजना चलाने में निधि को घाटा हो रहा था । इसलिए, निधि बीमांकक की सलाह पर ब्याज की दर बढ़ा कर 8.5 प्रतिशत कर दी गई थी ।

प्रेसों को टेलीफोन की विशेष सुविधायें

4809. **श्री सुभाष आहूजा :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि टेलीफोन विभाग के जनरल मैनेजर द्वारा कुछ प्रेस वालों को विशेष टेलीफोन सुविधाएं प्रदान की गई थी और यदि हां, तो अन्य प्रेसों को इन सुविधाओं से वंचित क्यों रखा गया ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय) : जहां तक दिल्ली टेलीफोन जिले के रिकार्ड का प्रश्न है, "प्रेसों" को टेलीफोन कनेक्शन टेलीफोन अलाट करने के नियमों के अनुसार दिये गये हैं । नियम विरुद्ध टेलीफोन देने के यदि किसी खास मामले की जानकारी दी जाए तो उसकी जांच की जाएगी ।

Allotment of Posts by Eastern Region Calcutta to Orissa Circle Geological Survey of India

4810. SHRI JENA BAIRAGI : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) how many class II and class IV posts have been allotted by Eastern Region Calcutta to Orissa Circle, Geological Survey of India since 1974 to 1977 ;

(b) how many of them have been locally recruited ;

(c) whether there is any new circle created since 1974 ; if so, whether administration has been separated ; if not, the reasons therefor ; and

(d) whether there is less staff of class III and class IV in Orissa Circle as compared to other circles; if so, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI KARIA MUNDA). (a) Eight Class II posts and eight Class IV posts.

(b) Three Class IV posts were filled up locally. Since direct recruitment to Class II posts is made on all India basis through the Union Public Service Commission, the question of local recruitment does not arise.

(c) In June, 1974, Orissa Circle office was bifurcated into Orissa Circle (North) and Orissa Circle (South). The work relating to administration and accounts has however not been separated so far.

(d) No, Sir.